Roll No. ....

D–3386

M. A. (Previous) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Fifth

(जनपदीय भाषा और साहित्य)

(छत्तीसगढ़ी)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं।

इकाई—I

1. निम्नलिखित पद्यांशों एवं अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 30

(क) "जगदिश्वर के पाँव में आपन मूड़ नवाय।
सिरी कृष्णी भगवान के, कहियों चरित सुनाय।
नन्द गौंटिया के बेटवा हर ओ।
मोर आइस आखिन के तर ओ।
तब ले चिरको, नइ भूलत है।
मोर आंखिच, आँखी में झुलत है।
जब कान उटेर लगाथौं औं।
घुंघरू के कभू गम पाठवं ओ।"

अथवा

"भरगे ताल तरैया, भैया मरगे ताल तरैया।
झिमिर-झिमिर जस पानी बरसे
महकै खेत खार के माटी
घुडुर घुडुर जस बादर गरजै
डोले नदिया परबत घाटी
नांगर घर के निकलिन घर से, सबै किसान कमैया।
इतरावत हैं नदिया, लागिस
झंडी गजब रे! सावन के
बांदर सेना घुमडिन जइसे
राम लखन अउ रावन के
पानी बादर में भादों में घर में राम रखैया।"

(ख) "जउन हर ये धरती में जनम लिही, तउन हर एक न एक दिन मारी म मिल बेच करही। ओकर संग म न तो नाता गोता जाही, अउ न घन दो गानी, हर काम परही। ये ही तो संसार आय। जियत भव आदमी कतका उघामत करथे, फेर मरे के बेरा सब जुच्छा के जुच्छा। संग म जाथे बस जस अउ अपजस।"

अथवा

"एकरे भितरी न पाँच बरस के गिरस्ती ह एखंर बर पहाड़ असन बोझा लान के मड़ादिस। आज पाँच बरस होंगे। मोला तपेदिक के बीमारी संचरे। ऊपर ले दू झन लड़का के जुम्मेदारी। एखरे हिम्मत ए जेह अतेक सब ल झेलय।

(ग) "हे भगवान ईमानदारी के जमाना नइ रहिगे। बड़े बाबू चाहथे कि मैं हर गरीब किसान मन ल तंग करके रुपया ऐंठौं अउ मालिक बाँटा उन ल दंव, अउर सउँज बाँटा में लंव। थोरके कायदा कानून बघारे ले विचारा मन डर्रा जाथे। ओकर से रुपया, खिइचना कोनो मुसकिल बात नोध्य लेकिन मोला, वो गरीब किसान माई मन से जेकर अच्छा ढके खातिर बर पूरा कपड़ा नइ रहय। ओकर मनसे मैं भष्टा कइसे एक पैसा लंव। बड़े बाबू मोला रोज डॉटथे उल्लू, जानवर, नालायक घलो कहि देथे।"

अथवा

परेमा-ऊंखर गोठ झन कर। मया ह चिन्हे-नइ जाय। पहिली महूँ गुस्साल रहैंव। फेर जानेंव के शरीर अउ भौतिक सुख के मया अउ मन के मया के सुख म बड़ अन्तर होवे। घर ल छोड़े के बाद अब लगथे के बने करेंव। अहाँ रहितैव तब उनके समाज के सामने अपमानित होतिन। अउ मया रोज रोज टूटतैव। तेखर ले एक पहत टूटैव।"

इकाई—II

2. द्वारिका प्रसाद विप्र **अथवा** नारायण लाल परमार का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

'सतवंतिन सुकवारा' **अथवा** 'आँसू में फिले अचरा' कहानी की समीक्षा कहानी के तत्वों के आधार पर कीजिए।

इकाई—III

3. 'परेमा' एकांकी की समीक्षा तत्वों के आधार पर कीजिए। 15

अथवा

'सऊत के डर' एकांकी की कथावस्तु लिखते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'आवा' उपन्यास के पात्र रघोत्तम महाराज का चरित्र-चित्रण लिखिए।

इकाई—IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 20

(i) लोचन प्रसाद पाण्डेय का साहित्यिक परिचय

(ii) कपिलनाथ मिश्र का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

(iii) लखनलाल गुप्त का रचना संसार

(iv) छत्तीसगढ़ी साहित्य का गाथा युग

(v) दानेश्वर वर्मा का साहित्यिक परिचय

(vi) छत्तीसगढ़ी नाटक के मुख्य नाटककारों का परिचय

(vii) छत्तीसगढ़ी साहित्य की युग प्रवृत्तियाँ

(viii) लाला जगदलपुरी का रचना संसार

इकाई—V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 20

(i) छत्तीसगढ़ का गांधी किसे कहा जाता है ?

(ii) मेघदूत का छत्तीसगढ़ी अनुवाद किसने किया ?

(iii) लक्ष्मण मस्तूरिया की किसी काव्यकृति का नाम बताइए।

(iv) छत्तीसगढ़ी भाषा का नाम किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(v) छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रथम व्याकरण लेखक का नाम क्या है ?

(vi) किस गीत को छत्तीसगढ़ का प्रणय गीत कहते हैं ?

(vii) पं. श्यामलाल चतुर्वेदी के कहानी संग्रह का नाम बताइए।

(viii) छत्तीसगढ़ का पौराणिक नाम क्या है ?

(ix) 'धमनीहार' के रचनाकार कौन हैं ?

(x) छत्तीसगढ़ी के प्रथम उपन्यासकार का नाम क्या है ?

(xi) 'जय छत्तीसगढ़' किसकी रचना है ?

(xii) 'देवार गीत' गाने वाली प्रसिद्ध गायिका का नाम क्या है ?

(xiii) सुराज के 'सुवागीत' किसकी रचना है ?

(xiv) 'रमिया अउ केतकी' किसकी रचना है ?

(xv) 'छत्तीसगढ़ी भाषा का उद्विकास' ग्रन्थ के लेखक कौन हैं ?

(xvi) श्री नन्दकिशोर तिवारी ने किस पत्रिका का सम्पादन किया ?

(xvii) छत्तीसगढ़ी में 'श' और 'ष' के स्थान पर किस वर्ण का प्रयोग होता है ?

(xviii) 'पर्रा भर लाई' किसकी रचना है ?

(xix) छत्तीसगढ़ी में कुल कितने स्वर होते हैं ?

(xx) छत्तीसगढ़ी में अधिकांश शब्द किस भाषा के हैं ?

(xxi) हल्बी भाषा में लिखने पर कवि का नाम लिखिए।

(xxii) छत्तीसगढ़ के जन्मांध कवि कौन थे ?

(xxiii) छत्तीसगढ़ी गद्य का प्राचीनतम रूप कहाँ के शिलालेखों में मिलता है ?

(xxiv) बीस को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं ?

(xxv) छत्तीसगढ़ी कोश के प्रथम लेखक का नाम क्या है ?